दो बच्चों को दूध में जहर देकर पिता ने खुदकुशी की पेज 3

मेट्रो में महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं 43% बढ़ीं पेज 4

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 30 जुलाई 2019, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 84, अंक 180, 18 पेज, मूल्य ₹ 4.50, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 9.00 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 5.50

कैप्टन का सुझाव

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा सबसे उपयुक्त होंगी। पेज 15

उन्नाव कांडः आरोपी विधायक पर हत्या का मुकदमा दर्ज

हादसे की सीबीआई जांच कराई जाएगी

लखनऊ/रायबरेली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

उन्नाव रेप पीड़िता के साथ रविवार को हुए सड़क हादसे की सीबीआई जांच होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार मंगलवार को इस मामले में केंद्र सरकार को औपचारिक पत्र भेजेगी। इससे पहले पीड़िता के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर समेत 10 के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला व साजिश का मुकदमा दर्ज किया है।

दुष्कर्म पीड़िता रविवार को अपनी चाची, मौसी और वकील महेन्द्र सिंह के साथ कार से चाचा से मिलने रायबरेली जेल जा रही थी। इसी दौरान उनकी कार को एक ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में चाची और मौसी मौत हो गई, जबकि रेप पीड़िता और वकील की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। दोनों को ट्रॉमा सेंटर में वेंटिलेटर पर रखा गया है।

15-20 अन्य भी नामजद : एडीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर, मनोज सिंह सेंगर, विनोद मिश्र, हरिपाल सिंह, नवीन सिंह, कोमल सिंह, अरुण सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह, वकील अवधेश सिंह तथा 15-20 अन्य लोगों को नामजद किया गया है। जांच रायबरेली पुलिस ही करेगी।

फाइनेंसर के डर से नंबर प्लेट पर पेंट लगाया : एडीजी के मुताबिक ट्रक पर पेंट लगा मिला था लेकिन फोरेंसिक टीम जब पहुंची तो पेंट हट चुका था। ट्रक मालिक देवेन्द्र पाल ने बताया कि कुछ महीनों से वह ट्रक की किस्त अदा नहीं कर पा रहा था। फाइनेंसर कहीं ट्रक को रास्ते में रोक कर कब्जे में न ले लें, इसलिए आधे नंबर पर ग्रीस पोत दिया था।

परिवार ने साजिश बताया : एडीजी ने बताया कि पीड़िता के परिवार ने सुनियोजित तरीके से हादसा करवाने का आरोप लगाया है। इसकी जांच की जा रही है। वहीं, यूपी के डीजीपी ओपी सिंह ने कहा था कि अगर पीड़िता की मां या अन्य कोई रिश्तेदार आग्रह करता है तो राज्य सरकार हादसे की सीबीआई जांच कराने के लिए तैयार है।

संसद में हंगामा पेज 07

कुलदीप सेंगर। ● फाइल फोटो

विपक्ष हमलावर

- कांग्रेस, सपा, बसपा समेत सभी विपक्षी दलों ने इसे बड़ी साजिश बताते हुए सरकार को घेरा
- राहुल गांधी ने तंज कसा, अगर भाजपा विधायक बलात्कार का आरोपी हो तो सवाल मत पूछिए
- बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह रेप पीड़िता को जान से मारने का षडयंत्र लगता है
- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में जंगलराज है

ट्रक का मालिक और क्लीनर गिरफ्तार

एडीजी ने बताया कि ट्रक मालिक फतेहपुर के देवेन्द्र और क्लीनर मोहन श्रीवास को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। ड्राइवर आशीष पहले ही पकड़ा जा चुका है।

पीड़िता की मां ने हादसे को बड़ी साजिश बताया

पीड़िता की मां ने कहा, यह दुर्घटना नहीं थी बल्कि सबका सफाया करने की बड़ी साजिश थी। सह आरोपी के पुत्र शशि सिंह और एक अन्य युवक ने हमें निपट लेने की धमकी दी थी।

विशेषज्ञों ने छानबीन की एडीजी ने बताया कि पीड़िता की कार और ट्रक की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। तीन फोरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। हर पहलू पर बारीक नजर है।

आजम ने अमर्यादित टिप्पणी पर माफी मांगी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लोकसभा में पीठासीन अधिकारी रमा देवी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर घिरे सपा नेता आजम खां ने सोमवार को सदन में माफी मांग ली। उन्होंने कहा, 'मेरी कोई गलत भावना नहीं थी। इसके बावजूद आसन को लगता है कि मुझसे भावना में कोई गलती हुई है, तो इसके लिए क्षमा चाहता हूं।' आजम के बयान के साथ ही यह विवाद खत्म हो गया है।

लोकसभा अध्यक्ष से मिले : संसद शुरू होने से पहले अखिलेश यादव और आजम खां ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा सांसद रमा देवी भी मौजूद थीं। आजम ने लोकसभा अध्यक्ष से अपने बयान पर माफी मांगने की इच्छा जताई।

दो बार मांगनी पड़ी माफी: लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आजम का नाम पुकारा। आजम ने कहा, 'मैं दो बार संसदीय कार्यमंत्री, चार बार मंत्री, नौ बार विधायक और राज्यसभा सदस्य रह चुका हूं। मेरे भाषण, मेरे आचरण को पूरा सदन जानता है। इसके बावजूद भी आसन को लगता है कि मुझसे कोई गलती हुई है, तो इसके लिए क्षमा चाहता हूं।' इस पर रमा देवी सहित कुछ सदस्य ने बात ठीक से नहीं सुने जाने का मुद्दा उठाया। लोकसभा अध्यक्ष ने आजम से फिर माफी मांगने को कहा। आजम ने कहा कि बात को एक बार कहें या हजार बार, बात वही रहेगी। उनकी गलत भावना नहीं थी। फिर भी आसन को लगता है कि गलती हुई है, तो वह क्षमा मांगते हैं।

मामला निपटाया पेज 09

अखिलेश ने समझाया

संसद शुरू होने से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। आजम को समझाया गया कि यदि वह विवाद खत्म नहीं करते हैं तो पार्टी उन्नाव समेत कई अहम मुद्दे नहीं उठा पाएगी।

आदत सुधारें : रमा देवी

भाजपा सांसद रमा देवी ने कहा कि आजम खां के व्यवहार से देश को दुख पहुंचा है। आजम खां को अपनी आदत सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजम सदन के बाहर भी इस तरह के बयान देते रहते हैं।

क्या था विवाद 25 जुलाई को आजम ने रमा देवी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। वे उस वक्त पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी निभा रही थीं।

जरूर जानें

एसबीआई की जमा योजना पर ब्याज घटा

एसबीआई की जमा योजनाओं पर एक अगस्त से ब्याज दरें घट जाएंगी। 179 दिन की सावधि जमा पर ब्याज दर में 0.5 से 0.75% कटौती होगी। पेज 13

बाघों की संख्या 13 साल में दोगुनी हुई

देश में पिछले चार साल के दौरान 741 बाघ बढ़े हैं। वर्ष 2018 में हुई गणना के अनुसार, देश में बाघों की संख्या 2967 हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने ये आंकड़े जारी किए। पेज 17

चंद्रयान-2 ने तीसरी बार कक्षा बदली

चंद्रयान-2 ने सोमवार को तीसरी बार सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा बदली है। इसरो ने यान में मौजूद प्रणोदन प्रणाली प्रयोग की जिसमें 989 सेकेंड लगे। पेज 17

जरूर पढ़ें

जटिल मसले पर उथली बहस

सामलेटी कांड में अभियुक्तों के छूट जाने पर बात न्याय तंत्र की उन खामियों पर होनी चाहिए थी जिसमें षड्यंत्र साबित असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरूर होता है, लेकिन पूरी बहस को बेवजह उग्र बना दिया गया। पेज 10

विभूति नारायण राय

गर्व : नोएडा के ध्रुव जुरेल अंडर-19 टीम के कप्तान

नई दिल्ली | एजेंसी

नोएडा के ध्रुव चंद जुरेल भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव श्रीलंका में तीन से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूथ एशिया कप-2019 में टीम का नेतृत्व करेंगे।

अच्छे प्रदर्शन का इनाम : ध्रुव को हाल में इंग्लैंड में बांग्लादेश की अंडर-19 टीम के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने इस सीरीज में नाबाद 52, 37 और 49 रनों की पारी खेली है। इसके अलावा विकेट के पीछे भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

नियमित कप्तान की गैर-मौजूदगी : नियमित कप्तान प्रियम गर्ग के उपलब्ध नहीं होने के कारण आशीष कपूर की अध्यक्षता वाली जूनियर चयन समिति ने सोमवार को हुई बैठक में कप्तान के तौर पर उनके नाम को मंजूरी दी। प्रियम इन दिनों इंग्लैंड में हो रही त्रिकोणीय सीरीज में एक टीम की कमान संभाल रहे हैं।

चार माह पहले टीम में मौका : इस साल मार्च महीने में ध्रुव को भारतीय अंडर-19 टीम के लिए चुना गया था। तीसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही टीम का कप्तान बनना उनकी बड़ी उपलब्धि है।

सख्ती : चिटफंड कंपनियां रकम नहीं हड़प सकेंगी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

चिटफंड कंपनियां अब निवेशकों की रकम हड़प कर भाग नहीं सकेंगी। ऐसी कंपनियों और उन्हें संचालित करने वालों पर शिकंजा कसने संबंधी विधेयक को राज्यसभा ने सोमवार को मंजूरी दे दी।

लोकसभा पहले ही अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी विधेयक-2019 को पारित कर चुकी है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक कानून का रूप ले लेगा। यह बिल इस साल 21 फरवरी को लाए गए अध्यादेश का स्थान लेगा।

राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विधेयक में ऐसे प्रावधान किए गए हैं कि कोई भी लोगों की गाढ़ी कमाई लूटकर बच नहीं पाएगा। गौरतलब है कि सारदा चिटफंड, रोज वैली जैसी तमाम चिटफंड कंपनियां लाखों लोगों की रकम हड़प चुकी हैं।

लूट पर अंकुश पेज 09

10 साल तक सजा

- विशेष अदालतें बनेंगी, 180 दिनों में मामले का निपटारा करना होगा
- पुलिस स्कीम चलाने वालों के घर पर बिना वारंट छापे मार सकेगी, संपत्ति कुर्क होगी
- आरोपियों से जब्त राशि पर पहला अधिकार जमाकर्ताओं का होगा
- 1-10 साल तक जेल, दो लाख से 50 करोड़ तक जुर्माना होगा
- चिटफंड कंपनियों का राष्ट्रीय डाटा बेस तैयार किया जाएगा

सिफारिश: मुफ्त पानी लेने वालों से सीवर शुल्क वसूलें

नई दिल्ली | प्रभात कुमार

राजधानी में मुफ्त पानी का लाभ ले रहे लाखों लोगों को सीवर शुल्क देना पड़ सकता है। यमुना निगरानी समिति ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से सिफारिश की है कि मुफ्त पानी लेने वालों और पानी का भुगतान करने वालों, दोनों से एक समान सीवर शुल्क वसूला जाए।

ट्रिब्यूनल के प्रमुख जस्टिस ए.के. गोयल की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा है कि दिल्ली सरकार ने सिर्फ पानी मुफ्त किया है जबकि सीवर शुल्क भी नहीं लिया जा रहा है। जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से जनवरी 2019 से अब तक कई बार बात हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। शहरी विकास विभाग ने 2015 में मकान के आकार के हिसाब से हर माह 100, 200 और 300 रुपये सीवर शुल्क वसूलने की सिफारिश की थी। शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव से बातचीत के बाद भी इस पर अमल नहीं किया जा सका।

20 हजार लीटर पानी मुफ्त

दिल्ली सरकार 2015 से हर परिवार को प्रतिमाह 20 हजार लीटर मुफ्त पानी दे रही है। राजधानी के 61% परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। पहले सीवर शुल्क पानी के बिल में जुड़कर आता था, पानी मुफ्त होने से सीवर शुल्क भी नहीं लिया जा रहा है।

सफाई : कोहली ने कहा, रोहित से कोई मतभेद नहीं

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि उनके और रोहित शर्मा के बीच कोई मतभेद नहीं है। वेस्टइंडीज दौरे से पहले विराट ने पिछले कई दिनों से चले आ रहे कथित विवाद और कयासों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, यदि ड्रेसिंग रूम में अच्छा माहौल नहीं होता तो टीम यहां तक नहीं पहुंचती।

रवैया अपमान भरा पेज 16

सुनवाई: यूनिटेक के घर खरीदारों को भी राहत संभव

नई दिल्ली। आम्रपाली के बाद यूनिटेक की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने का जिम्मा भी सरकारी निर्माण कंपनी नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनबीसीसी) को मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संकेत दिए। कोर्ट ने आदेश जारी करने से पहले घर खरीदारों से सुझाव मांगे हैं। एनसीआर में यूनिटेक की करीब 17 परियोजनाओं में 20 हजार से ज्यादा घर खरीदार हैं।

ब्योरा पेज 14

तैयारी: राज्यसभा में आज पेश होगा तीन तलाक बिल

नई दिल्ली। सरकार राज्यसभा में मंगलवार को तीन तलाक विधेयक पेश कर सकती है। भाजपा ने इसके लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कर अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। लोकसभा पहले ही इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी है। यह विधेयक पिछली लोकसभा में भी पारित हुआ था पर राज्यसभा ने इसे लौटा दिया था। सरकार कुछ बदलावों के साथ यह बिल दोबारा लेकर आई है। (एजेंसी)

N·S·D·C National Skill Development Corporation
NSDC Training Partner

www.oxfordinstitute.in

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

अफोर्डेबल फीस में
क्वालिटी कम्प्युटर शिक्षा

LOAN FACILITY AVAILABLE*

COURSE OPTIONS

Graphic-Web, Animation & VFX

E-Accounting with GST, Income Tax & TDS

Hardware - Networking & Ethical Hacking

Certifications* :- Adobe, Microsoft, Nielit, Tally, Busy, Webtel

AFFORDABLE FEE : Rs. 30,000/- (1 year)
Courses : 4-15 Months

प्रवेश से पहले एक सामान्य योग्यता परीक्षा ली जाती है ताकि छात्रों को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षा प्रदान की जा सके।

सामान्य योग्यता परीक्षा: सोमवार 05 अगस्त, 2019

सामान्य योग्यता परीक्षा के लिए मुफ्त पंजीकरण की अंतिम तिथि: शनिवार 03 अगस्त, 2019

*Conditions apply.

21 YEARS OF EXCELLENCE

OXFORD SOFTWARE INSTITUTE
A Unit of Hindustan Soft Education Ltd.
An ISO 9001:2008 Company

Placement Assistance

- SOUTH EXTN.: (Near South Ex. Metro Station) : 8448496300
- PREET VIHAR: Near Nirman Vihar Metro Station, 9319746440
- DWARKA: Near Dwarka Sec-11 Metro Station, 8448496500
- PITAMPURA: Near Kohat Metro Station, 8882233533
- KAROL BAGH: Near Rajendra Place Metro Station, 9513727200
- YAMUNA VIHAR: Opp. Victoria Public School, Near Bank of Baroda, 7827533533
- KINGSWAY CAMP: 2244, Hudson Lane, Near GTB Nagar Metro Station, 9015533533
- RAJOURI GARDEN: Near Rajouri Garden Metro Station, 8448496400